हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ
10 दिसंबर 2025, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बारिश से हुए खराबे की भरपाई के लिए किसानों के खाते में 116 करोड़ 15 लाख रुपये की मुआवजा राशि जारी की।
- दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया।
- एमजॉन ने 2030 तक भारत में 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की।
- पंचकूला में चल रहा तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव सम्पन्न हुआ ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चिकित्सकों से हड़ताल वापिस लेने का अनुरोध किया।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अगस्त–सितंबर माह में हुई भारी बारिश से हुए फसली नुकसान की भरपाई के लिए 53,821 किसानों के खाते में 116 करोड़ 15 लाख रुपये की मुआवजा राशि जारी की। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे।

****

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन – यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है।

श्री शेखावत ने प्रवासी भारतीयों की भूमिका को भी स्वीकार किया, जिनके दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, खाड़ी देशों, यूरोप और कैरेबियाई देशों में मनाए जाने वाले उत्सवों ने दीपावली के संदेश को विभिन्न महाद्वीपों तक पहुंचाया है और सांस्कृतिक सेतुओं को मजबूत किया है।

****

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि यह वैश्विक मान्यता देश के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से भारत और विश्व भर के लोग रोमांचित हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि दीपावली भारत की संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने इस त्योहार को देश की सभ्यता की आत्मा बताया।

****

एमजॉन ने 2030 तक भारत में 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। एमजॉन के उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में आयोजित एमजॉन संभव शिखर सम्मेलन के छठे संस्करण में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निवेश विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ एमजॉन के विकास के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि इससे 10 लाख रोजगार सृजित होंगे।

इससे पहले, माइक्रोसॉफ्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भारत के नेतृत्व को देखते हुए बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमता निर्माण के लिए 17 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की थी।

****

पंचकूला में चल रहा तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव आज सम्पन्न हो गया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा दे रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चिकित्सकों से आग्रह किया है कि वे अपनी हड़ताल वापस लेकर तुरंत अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट जाएं ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की चार मांगें थीं, जिनमें से तीन मांगें सरकार द्वारा स्वीकार की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के स्पेशलाइज्ड कैडर के गठन की मांग पर वित्त विभाग 16 अगस्त 2024 को अधिसूचना जारी कर चुका है।इसी प्रकार, हॉस्पिटल ड्यूटी से बाहर जाने पर यात्रा भत्ता प्रदान करने संबंधी मांग पर भी 25 अक्तूबर 2024 को अधिसूचना जारी हो चुकी है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एसएमओ की सीधी भर्ती न करने की मांग पर फिलहाल सरकार ने रोक लगा दी है।

****

हरियाणा के स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल ने पंचकूला ने कहा कि आज 1700 के करीब चिकित्सक हड़ताल पर हैं। इनकी मांग पर सरकार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सीधी भर्ती पर फिलहाल रोक लगा दी है।

****

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने गुरु ब्रह्मानंद वैदिक संग्रहालय द्वारा किए गए कथित अवैध कब्जे को खाली करवा लिया है। केडीबी अधिकारियों ने संग्रहालय प्रबंधन द्वारा जमीन पर गाड़ियां खड़ी कर दोबारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाया।

****